प्रेस विज्ञप्ति

भारत सरकार ने (i) मूल्य आधारित नीलामी के जरिए **2,000 करोड़ रुपए** (अंकित) की अधिसूचित राशि के लिए '6.17 प्रतिशत सरकारी स्टॉक 2021', (ii) मूल्य आधारित नीलामी के जरिए **2,000 करोड़ रुपए** (अंकित) की अधिसूचित राशि के लिए '7.27 प्रतिशत सरकारी स्टॉक 2026', (iii) मूल्यु आधारित नीलामी के जरिए **5,000 करोड़ रुपए** (अंकित) की अधिसूचित राशि के लिए '6.45 प्रतिशत सरकारी स्टॉक 2029', (iv) मूल्य आधारित नीलामी के जरिए **1,000 करोड़ रुपए** (अंकित) की अधिसूचित राशि के लिए '7.62 प्रतिशत सरकारी स्टॉक 2039', और (v) मूल्या आधारित नीलामी के जरिए **4,000 करोड़ रुपए** (अंकित) की अधिसूचित राशि के लिए '7.63 प्रतिशत सरकारी स्टॉक 2059' की बिक्री (पुनर्निर्गम) करने की घोषणा की है। कुल अधिसूचित राशि के अध्यधीन 14,000 करोड़ रुपए की सीमा तक , भारत सरकार उपर्युक्तू एक या अधिक प्रतिभूतियों के परिपेक्ष्ये में प्रत्येरक में 1,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त अभिदान का विकल्प बनाए रखेगी। ये सभी नीलामियां विविध मूल्य विधि का प्रयोग करते हुए संचालित की जाएंगी। ये नीलामियां भारतीय रिजर्व बैंक, मुम्बई कार्यालय, फोर्ट, मुम्बई द्वारा **31 जनवरी, 2020 (शुक्रवार)** को संचालित की जाएंगी।

2. स्टॉकों की बिक्री की अधिसूचित राशि के 5 प्रतिशत तक की राशि सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी में अप्रतिस्पर्धी बोली सुविधा योजना के अनुसार पात्र व्यतक्तियोंऔर संस्थाओं को आवंटित की जाएगी।

3. नीलामी हेतु प्रतिस्पर्धी और अप्रतिस्पर्धी दोनों बोलियां भारतीय रिजर्व बैंक कोर बैंकिंग सोल्यूशन (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रपत्र में **31 जनवरी, 2020** को प्रस्तुत की जानी चाहिए। अप्रतिस्पर्धी बोलियां पूर्वाह्न 11.30 बजे से दोपहर 12.00 बजे के बीच और प्रतिस्पर्धी बोलियां पूर्वाह्न 11.30 बजे से मध्याह्न 12.30 बजे के बीच प्रस्तुत की जानी चाहिए।

4.नीलामियों के परिणाम की घोषणा **31 जनवरी, 2020 (शुक्रवार)** को की जाएगी और सफल बोलीदाताओं द्वारा भुगतान **3 फरवरी, 2020 (सोमवार)** को किया जाएगा।

5. ये स्टॉक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उनके समय समय पर यथासंशोधित परिपत्र दिनांक 24 जुलाई, 2018 के सं0आरबीआई/2018-19/25, तहत जारी **"केन्द्रधसरकार की प्रतिभूतियों में कब निर्गमित लेन-देन"** संबंधी दिशा निर्देशों के अनुसार "कब निर्गमित" कारोबार के लिए पात्र होंगे।

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
बजट प्रभाग
नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 27 जनवरी, 2020